# दो थाना क्षेत्रों में गौवंशीय अवशेष मिलने से मचा हड़कंप, हंगामा

## हाफिजगंज क्षेत्र में जंगल में झाड़ियों में बंधे मिले दो पशु, पुलिस ने छुड़ाया

संवाददाता, बरेली


पुलिस और गामीणों ने झाड़ियों में बंधे पशुओं को आजाद कराया।

**अमृत विचार:** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में जंगल के भीतर गौवंशीय पशुओं के अवशेष और कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और पुलिस के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है और अवशेषों के नमूने जांच के लिए भेजे जा रहे हैं।

**हाफिजगंज** कोतवाली क्षेत्र के गांव साबरखेड़ा के पास बैगुल नदी किनारे खेतों में झाड़ियों के बीच गौवंशीय पशु के अवशेष और कई कंकाल पड़े मिलने से सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि गुरुवार को कुछ बच्चे बेर तोड़ने के लिए जंगल जैसे इलाके में गए थे। इसी दौरान उन्हें वहां एक गौवंशीय पशु का कटा हुआ सिर और अन्य अवशेष दिखाई दिए। बच्चों ने इसकी सूचना गांव वालों को दी, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता भी घटनास्थल पर पहुंच गए। संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना है कि वहां एक दिन पहले काटे गए गौवंशीय पशु के अवशेष पड़े थे। आसपास के खेतों में तलाश करने पर कई पुराने कंकाल भी पड़े दिखाई दिए। सूचना पर हल्का दरोगा नितेश चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की।

जांच के दौरान पास के एक खेत में झाड़ियों के बीच से पशुओं के रंभाने की आवाज सुनाई दी। जब लोग वहां पहुंचे तो दो गौवंशीय पशु बंधे मिले। संगठनों के लोगों ने आरोप लगाया कि इन्हें वध के उद्देश्य से बांधा गया था। पुलिस की मौजूदगी में दोनों पशुओं को खुलवाकर सुरक्षित कराया गया।

हिंदू जागरण मंच के जितेंद्र शर्मा पुजारी, प्रदीप कुमार, तेजपाल, बेचेलाल, सोमपाल, राजेश कुमार चंदन और टाकेश्वर प्रसाद समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि इलाके में लंबे समय से गौवंशीय पशुओं की तस्करी और वध की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भोजीपुरा में भी मिले पशु अवशेष, हंगामा

भोजीपुरा के हंसा गांव के जंगल में भी गुरुवार को संरक्षित पशु के अवशेष मिलने से हंगामा खड़ा हो गया। सूचना पर बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विवेक गंगवार समेत कई हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और पुलिस पर ढिलाई का आरोप लगाया। मौके पर पहुंचे एसएसआई टीपी सिंह ने पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. धीरज पाल गंगवार को बुलाकर अवशेष का नमूना जांच के लिए भिजवाया। एसएसआई ने बताया कि अज्ञात मांस तस्करों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विवेक गंगवार, विवेक कुमार सिंह, शानू गंगवार, केशव गंगवार, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# पिता की डांट से क्षुब्ध युवक ने खुद को मारी गोली

**फरीदपुर, अमृत विचार :** देर रात घर आने से परिजन की डांट से क्षुब्ध ड्राफ्टमैन के बेटे ने खुद को गोली मार ली। इससे वह घायल हो गया। परिजन उसे अस्पताल ले गये जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

ग्राम सिमरा बोरीपुर निवासी सुनील कमार के छोटे बेटे सुमित ठाकुर ने बुधवार को खुद तमंचे से गोली मार ली जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया फिर उसे एसआरएमएस रेफर कर दिया। जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि सुमित ठाकुर ( 28 ) अपने पिता से रोड़ी-डस्ट की दुकान करने को रुपए मांग रहा था। पिता से आर्थिक सहायता न मिल पा रही थी। दोस्तों के साथ रहने से देर रात्रि घर वापस आने पर परिजनों की डांट से क्षुब्ध सुमित ने बुधवार को अपने घर पर स्वयं को गोली मार ली, । गोली सीने में दाहिनी ओर लगी। फायर की आवाज सुनकर घर में अफरा तफरी मच गई। घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। गुरुवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा बरामद कर कब्जे में ले लिया।

# पिल्ला निकालने गया मासूम मिट्टी की सुरंग में फंसा


बच्चे को निकालने के लिए जेसीबी चलाई गई। ● अमृत विचार

संवाददाता, नवाबगंज।

**अमृत विचार:** बरेली–पीलीभीत हाईवे के पास स्थित गरगइया गांव में गुरुवार को एक आठ वर्षीय बालक मिट्टी से बनी भट्टी की सुरंग में फंस गया। बच्चे के फंसने की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और पुलिस ने जेसीबी व फावड़ों की मदद से करीब एक घंटे तक रेस्क्यू चलाकर उसे सकुशल बाहर निकाल लिया। बच्चे को सुरक्षित देख परिजनों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

गरगइया गांव के पास शाकिर गन्ने के कोल्हू पर घोड़ा-बुग्गी चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। वह कोल्हू के पास ही झोपड़ी बनाकर पत्नी जगदेई, बेटों विपिन, सुनील, सोनू और बेटी किरन के साथ रह रहे हैं।

गुरुवार शाम करीब तीन बजे शाकिर का आठ वर्षीय बेटा विपिन अपने पालतू कुत्ते के बच्चे को निकालने के लिए पास में मिट्टी से बनी भट्टी की एक संकरी सुरंग में घुस गया। अंदर जाते ही अचानक मिट्टी खिसकने से सुरंग का मुंह बंद हो गया और बच्चा भीतर ही फंस गया। अंदर फंसे बच्चे के रोने और चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से जेसीबी मशीन और फावड़ों से सावधानीपूर्वक खुदाई शुरू की गई। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सुरंग से बाहर निकलते ही मां जगदेई अपने बेटे को सीने से लगाकर रो पड़ी।

# युवक पर हथियार से हमला, सात पर रिपोर्ट

संवाददाता, कैंट


घायल नौशाद ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बाहर खेल रहे बच्चे के साथ 15 वर्षीय किशोर द्वारा मारपीट में बच्चा घायल हो गया। बच्चे की दादी शिकायत करने आरोपी किशोर के घर गई तो परिजनों ने लाठी डंडों से पीटा। बचाने आए महिला के बेटे पर आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, पीड़िता की तहरीर पर कैंट पुलिस ने गुरुवार को सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना कैंट के गांव सैदपुर खजुरिया निवासी चमन आरा ने बताया, कि बुधवार को शाम उनका 4 वर्षीय नाती दयान र खेल रहा था। तभी पड़ोस के रहने वाले किशोर ने उसके साथ मारपीट कर दी। इससे मासूम की आंख पर चोट लग गई। बच्चे की दादी चमनआरा इसकी शिकायत लेकर आरोपी किशोर के घर गई। वहां किशोर की बुआ नाजरीन उसके साथ गाली-गलौज करने लगी। विरोध करने पर रहीस खान, नईम खान, पुन्नी, नफीस खान, दानिश खान दादी के साथ लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। बचाने आए चमन आरा के पुत्र नौशाद तथा पुत्रवधू तबस्सुम के ऊपर पुन्नी तथा रहीस ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में नौशाद लहूलुहान हो गया। कैंट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# जहरीला पदार्थ खाने से वृद्धा की मौत

**मीरगंज, अमृत विचार:** थाना शाही के एक गांव में महिला ने गृह क्लेश में जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन महिला को रात में सीएचसी ले गए जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बरेली जाते समय रास्ते में महिला की मौत हो गई। मीरगंज के गांव सल्था में बुधवार शाम घरेलू कलह से कलावती ( 55 ) ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे कुछ ही देर में उनकी हालत बिगड़ गई। मामले की जानकारी होने पर परिजन महिला को रात में लेकर सीएचसी पहुंचे। वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने कलावती को मृत घोषित कर दिया।गुरुवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर महिला का शव परिजनों को सौंप दिया।

# ट्रक की टक्कर से महिला की मौत


मृतका कामना

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार:** रिश्तेदारी से वापस घर लौट रहे दंपति को बीसलपुर रोड पर कमुआ मोड़ के पास ट्रक ने टक्कर मार दी,जिससे महिला की मौत हो गयी।जबकि पति गंभीर घायल हो गया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पीलीभीत के नई वस्ती निवासी उपहार गंगवार अपनी पत्नी कामना (32) के साथ बाइक से रिश्तेदारी में गए थे। गुरुवार सुबह वह घर जा रहे थे। तभी बीसलपुर रोड पर स्थित कमुआ मोड़ के पास पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे कामना ट्रक के पहिया के नीचे आने से घायल हो गयीं।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉक्टरों ने कामना को मृत घोषित कर दिया।जबकि पति का इलाज चल रहा है।

# सिंघइया नदी में डूबा मानसिक मंदित युवक

**नवाबगंज, अमृत विचार:** सिजौलिया गांव निवासी मरहूम बाबू बक्स का 30 वर्षीय पुत्र सईद अहमद मानसिक रूप से कमजोर था। परिजनों का कहना है कि बुधवार शाम वह गांव के पास बहने वाली सिंघईया नदी की ओर चला गया। काफी देर तक नहीं लौटा तो तलाश शुरू हुई। ग्रामीणों से पता चला कि उसे नदी की तरफ जाते हुए देखा गया था। परिजन नदी किनारे पहुंचे, जहां पानी में उसका शव दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की, परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। युवक की मौत से परिवार में शोक की लहर है।

## न्यूज डायरी

### रजत को मिला स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर का खिताब




**बहेड़ी, अमृत विचार :** मिशन एकेडमी में छात्रों को रिजल्ट कार्ड बांटा गया। पढ़ाई के साथ दूसरे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार दिए गए। छात्र रजत राज ने स्कूल टॉप किया, और उसको स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब दिया गया।स्कूल की मंडनपुर ब्रांच में रिजल्ट वितरण कार्यक्रम में क्लास को टॉप करने वाले छात्र को मैडल के साथ इनाम दिया गया। ओलपियाड में जनपद स्तर पर पहला, दूसरा और तीसरा स्थान लाने वाले स्टूडेंट्स में कक्षा 8 के सांची गंगवार व अरण्य प्रताप सिंह, कक्षा छह के रजत राज सिंह,कक्षा 4 के संस्कार गुप्ता, कक्षा 2 की तैयबा और कक्षा एक की करनप्रीत कौर ने पहला स्थान पाया। इन सभी को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कक्षा 8 की सांची गंगवार का नवोदय और सैनिक स्कूल के लिए चयन होने पर सम्मानित किया गया।शतप्रतिशत उपस्थिति के लिए कक्षा 8 की लक्ष्मी को इनाम दिया गया। मैनेजर एम एस गंगवार ने सभी स्टूडेंट्स को उनके अच्छे रिजल्ट के लिए बधाई दी।

### राज्य स्तरीय टेबल टेनिस में दो छात्रों ने जीता रजत पदक




**नवाबगंज, अमृत विचार :** अयोध्या में आयोजित 36वीं राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय लावाखेड़ा तालिब हुसैन के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा चमेली और छात्र अरुण ने टेबल टेनिस में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। विद्यालय की एक और उपलब्धि यह रही कि यहां के चार छात्रों का चयन राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में हुआ है। चयनित छात्रों में प्रियांशी, नेहा, मीनू और अतुल शामिल हैं। इन छात्रों को कक्षा 9 से 12 तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

### शिक्षा व बाल विकास में योगदान देने वालों को किया सम्मानित



**नवाबगंज, अमृत विचार :** बरेली में आयोजित जनपद स्तरीय हमारा आंगन–हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम में शिक्षा और बाल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों व कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नवाबगंज क्षेत्र के कई शिक्षकों और बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर को भी सम्मान मिला।एक होटल में हुए कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के गांव औरंगाबाद के संकुल शिक्षक पुष्पराज सिंह, प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर की शिक्षामित्र सुखलेश कुमारी, त्यारजागीर के शिक्षक कुंवर सेन, बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर श्रीमती मानसी रानी, कृषि अनुसंधान से जुड़ी ममता तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री श्रीमती लाली को सम्मानित किया गया। सभी को प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान डॉ विनीता कुमारी ने प्रदान किया।

### होली मिलन समारोह में व्यापारी एकता पर दिया बल




**नवाबगंज ,अमृत विचार :** नगर के एक बारात घर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की ओर से होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल और पार्थ गौतम ने किया। इस दौरान व्यापारियों ने अतिथियों को फूल–माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। नगर अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता उर्फ लल्लू के नेतृत्व में आयोजित समारोह में वक्ताओं ने होली के पर्व को आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक बताया। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों की एकता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत होती है। इस मौके पर विनोद गुप्ता, पालिकाध्यक्ष प्रेमलता राठौर, डॉ. आशुतोष गंगवार, रविंद्र सिंह राठौर, नीरेन्द्र सिंह राठौर, नंद किशोर श्रीवास्तव, सोनू राठौर, प्रमोद रस्तोगी, बंटी रस्तोगी, भुजेंद्र गंगवार, रवि गंगवार, धर्मेंद्र गंगवार पिंटू, विमला शुक्ला, डॉ. मीनाक्षी गंगवार, मोहित मिश्रा, अरविंद पांडेय, आदि रहे।

### समाज के उत्थान में शिक्षा का योगदान महत्वपूर्ण

**भोजीपुरा, अमृत विचार ।** समाज के उत्थान के लिए शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। एम एल सी बहोरन लाल मौर्या ने यह बात एक बारात घर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं निपुण भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में कही। बीईओ विवेक शर्मा ने बताया कि सरकार बच्चों के लिए शैक्षिक शारीरिक तथा बौद्धिक विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। बाल विकास परियोजना अधिकारी इंदिरा कृपाल ने बच्चों को दिए जाने वाला पुष्टाहार की जानकारी दी। सराहनीय कार्य करने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री शगुन शर्मा, अनीता, माया, पुष्पा रानी तथा प्रारंभिकबाल्यावस्था देखभाल के रूपाली एहलावत, चमन वी, गीता गंगवार, विकास कुमार कश्यप और राति को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी बी.ए. फाइनल की डिग्री वर्ष 2014 अनुक्रमांक 5305344 दिनांक 02.03.2026 को सुरेश शर्मा नगर में कहीं गिर गई है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **अनिल कुमार पुत्र श्री केदार नाथ निवासी मुड़िया जगरूप तहसील नवाबगंज जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा आधार में नाम इंद्र जीत पुत्र कोमिल प्रसाद है ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम इंद्र जीत पुत्र कुंवर सेन दर्ज है। भविष्य में मुझे इंद्र जीत पुत्र कुंवर सेन के नाम से जाना जाए। **इंद्र जीत पुत्र कुंवर सेन परेवा सादात सेंथल बरेली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र व सनद वर्ष 2006 अनुक्रमांक 0910543, इण्टरमीडिएट अंकपत्र व सनद वर्ष 2008 अनुक्रमांक 0490460 वास्तव में कहीं खो गया है। **मंजू देवी पुत्री कलिका प्रसाद निवासी- मीरपुर हेमपुरा, पीलीभीत**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र राजीव को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा व हमारे परिवार से उसका कोई वास्ता नहीं होगा। **सुमन पत्नी रामपाल व रामपाल पुत्र पूरनलाल निवासी ग्राम चोढेरा चोढेरी तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर**

**बेदखली/सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैने अपने पुत्र ज्ञान प्रकाश उर्फ सूरज को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध बिच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारे परिवार के किसी सदस्य उपरोक्त के किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे। **भगवान स्वरूप पुत्र नत्थू लाल निवासी ग्राम राजू नगला थाना व तहसील बहेड़ी, जिला बरेली।**

**सूचना**

यह कि कुछ दिन पहले मोटर साइकिल से बरेली जाते वक्त फरीदपुर टोल टैक्स से पहले कैरी बैग में रखा हुआ मूल बैनामा कहीं गिर गया, जो कि श्रीमती अनीता अग्रवाल ने चंचल अग्रवाल से क्रय किया था जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 21.01.2006 को बही सं–1 जिल्द सं–1123 पेज 19–30 क्र.स.355 पर सब रजिस्ट्रार कार्यालय फरीदपुर में रजिस्ट्रीकृत हुआ था उक्त बैनामा मेरी प्रॉपर्टी का चेन पार्ट है किसी को मिले तुरंत सूचित करने का कष्ट करें। यदि कोई व्यक्ति इसका दुरुपयोग करता है तो बैनामा शून्य समझा जायेगा । शराफत हुसैन पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी मंझले मार्केट, बीसलपुर मार्ग, नियर सैफी जनरल स्टोर, कस्बा व थाना फरीदपुर जिला बरेली । मो.न. 9719974731

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पॉलिसी संख्या 222328480 में मेरा नाम भूलवश सोम देवी दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम सीमा वती है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी मेरा नाम सीमा वती ही दर्ज है। **सीमा वती पत्नी श्री अम्बा प्रसाद निवासी ग्राम सेमीखेड़ा तहसील बहेड़ी जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :–** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स–रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/–
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा,
शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

## न्यूज ब्रीफ

### दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आज से

**रिठौरा, अमृत विचार :** राजश्री इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में शुक्रवार से दो दिवसीय एआई एंड सस्टेनेबल अप्रोच फॉर रिड्यूजिंग कार्बन फुटप्रिंट्स विषय पर अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही है। प्रबंध निदेशक रोहन बंसल ने बताया कि देश विदेश से 100 से अधिक शोधार्थियों के शोध पत्र प्राप्त हुए हैं इनमें चयनित शोध पत्रों को कांफ्रेंस में प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा।

### संगठन की रणनीति पर डाला प्रकाश

**फतेहगंज पश्चिमी अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय खिरका में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, फतेहगंज (प.) इकाई की समीक्षा बैठक में तहसील अध्यक्ष हेमेंद्र गंगवार ने संगठन की रणनीति पर प्रकाश डाला। ब्लॉक अध्यक्ष हरीश बाबू गंगवार ने बताया कि 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली महारैली में अधिक से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं भाग लेंगी, इसके लिए संगठन बसों की व्यवस्था करेगा। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिव स्वरूप शर्मा और संचालन संजय कुमार शर्मा ने किया।

### परीक्षा देने गई छात्रा तीन दिन से गायब

**बहेड़ी, अमृत विचार :** हाई स्कूल की परीक्षा देने गई एक छात्रा तीन दिन से गायब है। छात्रा 10 मार्च को भिलय्या के इंटर कॉलेज में परीक्षा देने गई थी, और तभी से गायब है। लड़की की माँ ने एक युवक पर अपनी बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उसकी बेटी नाबालिग है, और हाई स्कूल का एग्जाम भिलय्या के एक इंटर कॉलेज में दे रही है। 10 मार्च को वह परीक्षा देने गई थी, और वहीं से गायब है। महिला ने सीबी गंज के गांव हमीरपुर निवासी युवक शिव कुमार पर अपनी बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है, और दोनों की तलाश कर रही है।

### 11 साल बाद चार बच्चों की मां को घर से निकला

**भमोरा, अमृत विचार :** शादी के 11 साल बाद पति के साथ ससुराल वालों ने चार बच्चों के साथ विवाहिता को घर से निकाल दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम पंचायत घिलोरा निवासी मोहिनी ने बताया की 11 साल पूर्व बदायूं के मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव चिर्रा सहजनी निवासी ओमवीर के साथ उसका विवाह हुआ था। लेकिन चार बच्चे हो जाने के बाद भी ससुराल वालों का दिल नहीं पसीजा 3 वर्ष पूर्व बच्चों सहित पति ओमवीर, सास लक्ष्मी, जेठ राकेश व देवर राजवीर ने मारपीट कर घर से निकाल दिया।

# सर्वर ठप, केवाईसी की अड़चन से बढ़ा गैस संकट

## एजेंसियों पर उमड़ी भीड़, कई उपभोक्ता लौटे खाली हाथ, 11 दिन पहले कराई बुकिंग अब मिले सिलेंडर, हर तरफ दिक्कत

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रसोई गैस को लेकर गुरुवार को कस्बों और आसपास के गांवों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। कई गैस एजेंसियों पर सर्वर डाउन होने, कहीं गैस की कमी की अफवाह और कहीं केवाईसी की अड़चन के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही महिलाएं, बुजुर्ग और युवा गैस एजेंसियों पर कतार में लगे रहे, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी कई लोगों को सिलेंडर नहीं मिल सका। इससे नाराज उपभोक्ताओं ने कुछ स्थानों पर विरोध भी जताया। हालांकि कुछ एजेंसियों पर सिलेंडर का वितरण होता रहा, जिससे लंबी लाइन के बाद लोगों को राहत भी मिली।


**सुधा गैस सर्विस पर सर्वर डाउन, उपभोक्ताओं का हंगामा: फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे की सुधा गैस सर्विस पर गुरुवार को सर्वर डाउन होने से गैस वितरण पूरी तरह ठप हो गया। सुबह से ही दर्जनों उपभोक्ता एजेंसी पर पहुंचकर लाइन में लग गए, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण बुकिंग और वितरण की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। तेज धूप में महिलाएं और बुजुर्ग घंटों बैठे रहे, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ गई। शाही से आए साजिद हुसैन ने बताया कि उन्होंने करीब 15 दिन पहले गैस की बुकिंग कर दी थी और ऑनलाइन भुगतान भी कर दिया, लेकिन इसके बावजूद सिलेंडर नहीं मिला। कल्लू, मुकेश, नदीम और मालती सिंह ने बताया कि सर्वर की समस्या के कारण एजेंसी पर पूरा काम ठप हो गया है। तिलियापुर से आईं लाड़ो और नजमा ने बताया कि वे तीन दिन से लगातार लाइन में लग रही हैं, लेकिन रोजा होने के बावजूद उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। एजेंसी मैनेजर मोहन स्वरूप ने बताया कि सर्वर ऊपर से डाउन है, जैसे ही समस्या दूर होगी वितरण शुरू कर दिया जाएगा।

**शिवम गैस एजेंसी पर लंबी लाइन के बाद मिली राहत : शेरगढ़ :** कस्बा स्थित शिवम गैस एजेंसी पर गुरुवार सुबह से ही उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कस्बे समेत शेरगढ़, नगरिया कलां, डूंगरपुर देहात, डेलपुर, रजपुरा, मोहम्मदपुर, बरीपुरा, कस्बापुर और सलपुरा सहित कई गांवों से लोग सिलेंडर लेने पहुंचे। एजेंसी कर्मचारियों ने भीड़ को संभालते हुए व्यवस्थित तरीके से गैस वितरण किया। घंटों लाइन में लगने के बाद जब उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिला तो उनके चेहरों पर राहत और खुशी साफ दिखाई दी।

**फतेहगंज पूर्वी में सर्वर ठप, उपभोक्ताओं का विरोध:** नगर की गैस एजेंसी पर भी गुरुवार को सर्वर डाउन होने के कारण गैस वितरण पूरी तरह प्रभावित रहा। सुबह करीब नौ बजे से बड़ी संख्या में उपभोक्ता एजेंसी पर पहुंच गए, लेकिन लंबे इंतजार के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल सका। इससे नाराज लोगों ने एजेंसी के बाहर विरोध जताया और जल्द से जल्द व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। इस दौरान परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

**केवाईसी न कराने वालों को भी हो रही परेशानी : बिशारतगंज।** कुछ स्थानों पर केवाईसी न कराने वाले उपभोक्ताओं को भी परेशानी झेलनी पड़ी। अक्षय भारत गैस एजेंसी पर गुरुवार को करीब 80 उपभोक्ता गैस न मिलने से निराश होकर वापस लौट गए। एजेंसी संचालक ने बताया कि निर्धारित मूल्य पर ही सिलेंडर दिया जा रहा है, लेकिन जिन उपभोक्ताओं का केवाईसी पूरा नहीं है या जिनके मोबाइल पर ओटीपी नहीं पहुंच रहा, उन्हें दिक्कत आ रही है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एजेंसी पर तत्काल केवाईसी की व्यवस्था भी की गई है।


एजेंसी के बाहर सिलेंडर लेने को लगी भीड़। ● अमृत विचार



गैस एजेंसी पर चस्पा नोटिस।

### देवरनियां में अफवाह से बढ़ी भीड़

देवरनियां : गौरव सैनानी गैस एजेंसी पर गुरुवार को गैस न मिलने की अफवाह फैलने से भारी भीड़ जमा हो गई। कस्बे के साथ-साथ आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में उपभोक्ता एजेंसी पर पहुंच गए। बुकिंग विंडो पर पर्ची कटाने के लिए लंबी लाइन लगी रही और लोग पहले सिलेंडर लेने की होड़ में उतावले दिखाई दिए। एजेंसी के प्रोपराइटर रवि गुप्ता ने बताया कि गोदाम में सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और पुरानी बुकिंग के आधार पर वितरण किया जा रहा है। फिलहाल करीब 11 दिन की बुकिंग के सिलेंडर दिए जा रहे हैं और सिलेंडर 931 रुपये में उपलब्ध है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अफवाहों पर ध्यान न देने और घर में गैस का स्टॉक जमा न करने की अपील की।

### मंत्री धर्मपाल सिंह बोले- घरेलू गैस और पेट्रोल की कमी नहीं, विपक्ष कर रहा है दुष्प्रचार



**आंवला, अमृत विचार :** प्रदेश में रसोई गैस व पेट्रोलियम पदार्थो की कोई कमी नहीं है। देश व प्रदेश में गैस व पेट्रोल की कमी होने की अफवाह विपक्ष फैला रही है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जायेंगे विपक्ष नये नये प्रोपेगंडे जनता के बीच फैलाएगा, लेकिन प्रदेश की जनता विपक्ष के बहकावे में नहीं आएगी। मुख्यमंत्री ने आवश्यक वस्तुओं की कमी नहीं होने देने के निर्देश अफसरों को दिये हैं। व्यापारी आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी न करें। जमाखोरी पर संबधित पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने यह बात पत्रकारों से कही। नगर में होली मिलन समारोह में कैबिनेट मंत्री ने होली के पर्व को सौहार्द का पर्व बताया। बताया कि आंवला विधानसभा क्षेत्र में उन्होंने सिडकुल बनाया हैं। अब आंवला से बरेली जाने के लिए 50 किलोमीटर चलने की आवश्यकता नहीं है। ग्राम गैनी पर 200 करोड़ की लागत से रामगंगा नदी पर पुल स्वीकृत करा दिया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 17500 गो शालाओं में 16 लाख गायों का संरक्षण कर रहे हैं। सपा सरकार में पशुओं के चारे के लिए 30 रुपये दिये जाते थे अब वह 50 रुपये प्रति गाय हो गया है।

### तलाक के बाद संबंध बनाने का आरोप पति पर मुकदमा दर्ज

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के कस्बा सेंथल की एक महिला ने अपने पति पर तीन तलाक देने के बाद भी जबरन शारीरिक संबंध बनाने और मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला का आरोप है कि उसकी शादी वर्ष 2016 में थाना प्रेमनगर क्षेत्र के छावनी असरफ खां निवासी हनीफ के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगा और कई-कई दिन तक खाने-पीने से भी वंचित रखा गया। आरोप है कि तीन तलाक देने के बाद भी पति ने उसे जबरन अपने साथ रखने और उसकी मर्जी के खिलाफ शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। जब उसने इस बात की शिकायत अपने परिवार वालों से की तो पति ने बच्चों को जहर देकर मारने और खुद जहर खाकर उसे व उसके परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। महिला का कहना है कि 1 मार्च 2026 को आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया और दोनों बच्चों को अपने पास रख लिया।

### मौला अली की शहादत पर अकीदतमंदों ने किया जंजीर का मातम

**सेंथल, अमृत विचार :** पैग़म्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के दामाद हजरत मौला अली की शहादत की याद में मजलिस-ए-अजा बरपा कर शबीहे ताबूत की जियारत कराई गई। इस दौरान शबीहे ताबूत की जियारत कर अकीदतमंदों ने आंसू बहाए, जंजीर और छुरियों का मातम कर खुद को लहूलुहान कर लिया।

बुधवार देर रात अल गदीर इदारे की ओर से हजरत मौला अली की शहादत को याद कर दरगाह मौला अली में मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को मौलाना तंजीम हुसैन ने खिताब करते हुए हजरत मौला अली के मसाएब बयान किए, जिसे सुन अकीदतमंदों की आंखे नम हो गईं। इस दौरान मोनिस जैदी, काशान जैदी, शाजू जैदी, शाइक जैदी, मिन्हाल, वासिफ जैदी, असहाब हैदर, हैदर जैदी, अहसन जैदी, कुमैल हैदर, उल्वी जैदी, इप्पू जैदी आदि रहे।

### बाइक सवारों ने पर्स छीना हार लूटने का किया प्रयास

कार्यालय संवाददाता बरेली

**अमृत विचार:** पत्नी और बेटी के साथ बाइक से शादी में जा रहे युवक की पत्नी से बाइक सवार बदमाशों ने हार लूटने का प्रयास किया. जबकि उसकी बेटी का पर्स छीन कर बाइक सवार बदमाश फरार हो गए. लूट की सूचना पर पहुंची कैंट पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कैंट थाना क्षेत्र के प्रकाश कॉलोनी निवासी पत्रकार हरपाल साहू गुरुवार की रात पत्नी सर्वेश साहू व बेटी गुंजन के साथ बाइक से शादी में शामिल होने के लिए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि जैसे ही वह दूरदर्शन केंद्र के पास पहुंचे तभी पीछे से बाइक पर दो अज्ञात बदमाश आए और उनकी बेटी का पर्स छीन लिया. जबकि उनकी पत्नी के गले से हार लूटने का प्रयास किया। असफल होने पर उन्होंने उनकी पत्नी को बाइक से धक्का दे दिया. जिससे वह बाइक से गिरकर घायल हो गई। इसके बाद बदमाश बुखारा की तरफ फरार हो गए। हरपाल पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। सूचना मिलने पर कैंट पुलिस मौके पर पहुंच गई और बाइक सवार बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है.

#### बदमाशों ने युवक से छीने रुपए

भुता अमृत विचार। थाना क्षेत्र के मोर सिंह निवासी पटना ने बताया कि वह शाम रसूला चौराहे से अपनी दुकान बंद करके छोटे भाई यशपाल और दीपक के साथ गांव पटना जा रहा था। गांव रूपियापुर से आगे निकलते ही तीन बाइकों से सात आठ अज्ञात व्यक्तियों ने रोक कर गालियां देकर मारपीट की जेब से पांच हजार रुपये निकाल कर ले गये।

### विवाहिता की मौत मामले में पति व सास गिरफ्तार, जेल भेजा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बड़ा गांव में विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसके पति और सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मृतका के पिता ने दोनों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस के अनुसार क्षेत्र के गांव पंडरा निवासी ओमकार पुत्र श्यामलाल ने अपनी पुत्री सर्वेश कुमारी की शादी करीब दो वर्ष पहले बड़ा गांव निवासी अनिल के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे और इसी को लेकर सर्वेश कुमारी को अक्सर प्रताड़ित किया जाता था।

मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति अनिल, सास ललिता देवी समेत अन्य के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

### साइबर सुरक्षा पर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज की की एनएसएस छात्र इकाई-प्रथम के विशेष शिविर में बृहस्पतिवार को साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह के सत्र में साइबर थाना के विशेषज्ञ उपनिरीक्षक अंकित सिंह चौहान ने स्वयंसेवकों को साइबर अपराध से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताए।

उन्होंने बताया कि इन दिनों व्हाट्सएप पर शादी या अन्य आयोजनों के नाम पर एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक करने के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में किसी भी अज्ञात एपीके फाइल को खोलने से पहले सावधानी बरतना जरूरी है। यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध होता है तो उसे तुरंत उत्तर प्रदेश पुलिस के यूपी कॉप ऐप तथा नेशनल साइबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव यादव ने बताया कि बरेली कॉलेज के नाम से अनधिकृत रूप से चलाए जा रहे सोशल मीडिया अकाउंट्स पर साइबर कानून के तहत कार्रवाई हो सकती है। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवक कालीबाड़ी बस्ती में कम साक्षर लोगों के बीच साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम में मो. लाजिम, देवेंद्र, रवि प्रकाश गंगवार, सत्यम सिंह, सुमित कुमार मौर्य, आलोक कुमार प्रजापति, साहिल अल्वी, ईशान गुप्ता, अमन यादव, श्वेतांश अग्निहोत्री, विनीत यादव, मो. फैज, रमन गंगवार, सत्यम ठाकुर, विष्णु शर्मा, अनुराग, आकाशदीप सिंह, आदर्श अवस्थी, अभिषेक पाल और मो. वसीम मौजूद रहे।


साइबर पर स्वयंसेवकों पर जागरूक करते साइबर सुरक्षा अधिकारी।

● स्वयंसेवकों को दी साइबर अपराध से बचने की जानकारी

## सिटी डायरी

### आईटीबीपी में तनाव प्रबंधन तथा राजभाषा हिंदी कार्यशाला का समापन




**कैंट अमृत विचार :** आईटीबीपी के क्षेत्रीय मुख्यालय पर सेनानी स्टॉफ उदयवीर सोरोत के तत्वाधान एवं सेनानी पवन प्रबंधन कार्यशाला का गुरुवार को समापन किया गया। कार्यशाला 9 से 11 मार्च तक हुई थी। कुमार गुप्ता, की अध्यक्षता तथा सहायक कमांडेंट/ई.एस.सी. ओमकार सिंह व सहायक कामंडेंट/राजभाषा विनोद पाल सिंह द्वारा तीन दिवसीय तनाव कार्यशाला में राजभाषा हिंदी के उपयोग एवं कार्यालय पद्धति के स्तर पर विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे ये। प्रशिक्षण के द्वारा मनोवैज्ञानिक पद्धति से तनाव के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला गया गुरुवार को अपराहन कार्यशाला का विधिवत समापन सेनानी पवन कुमार गुप्ता ने जवानों के बढ़ते तनाव को नियंत्रित करने पर प्रकाश डाला और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर जवानों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### शक्ति कवि सम्मेलन में कविता और सम्मान का संगम



**बरेली, अमृत विचार :** शहर की पारंपरिक खाद्य ब्रांड ग्राइंड एंड पाउंड की ओर से मंगलवार को यूनिट परिसर में शक्ति-कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित करना और सांस्कृतिक वातावरण को प्रोत्साहित करना था। कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि सुनीत बाजपेयी, अखिलेश ठाकुर और उन्नति राधा शर्मा ने अपनी प्रभावशाली रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान बरेली की निवेदिता शर्मा को समाज में उनके प्रेरणादायी योगदान के लिए सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक हिमांशु पोखरिया ने बताया कि शक्ति-कवि सम्मेलन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और समाज की प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर रवि अग्रवाल, विमल भारद्वाज, संजीव मिश्रा, अंकुर सक्सेना, पवन सक्सेना और कुलभूषण शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

### आल इंडिया मुस्लिम मजलिस की मांग, गाय को राष्ट्र माता का दिलाएं दर्जा



**बरेली, अमृत विचार :** आल इंडिया मुस्लिम मजलिस की तरफ से जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को ज्ञापन देकर गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि भारत एक बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक देश है, सनातन धर्म में गाय को माता के समान पूजनीय माना जाता है और करोड़ों सनातनी भाइयों की उससे गहरी आस्था और भावनाएं जुड़ी हुई हैं। आल इंडिया मुस्लिम मजलिस के एडवोकेट वसी अहमद ने ज्ञापन के जरिए गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने और गोवंश के वध पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

### हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में बच्चों को किया सम्मनित

**मीरगंज, अमृत विचार :** गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र में खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार के दिशा निर्देशन में हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि विधायक डा. डी. सी. वर्मा ने किया। विधायक ने बताया कि छोटे बच्चे की प्राथमिक पाठशाला उसका घर है, जो संस्कार और शिक्षा बच्चे को परिवार से मिलती है वह समाज के लिए जरूरी है। बीईओ ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, उनका समन्वय बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में विज्ञान ए आर पी अरविंद गंगवार ने बताया कि बच्चे का सर्वांगीण विकास उसके परिवार से ही प्रारंभ होता है। एआरपी सचिन मुरारी शर्मा, अमित कुमार, संजीव कुमार ने भी संबोधित किया। विधायक द्वारा निपुण बालक एवं उपस्थित नोडल संकुल शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

### मृत जमानती के आधार पर जमानत का आरोप

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जमानत में फर्जी जमानती लगाने के मामले में न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार दुबे ने प्रशासनिक जांच के आदेश दिए हैं। प्रकरण में मृत व्यक्ति को जमानती दिखाकर आरोपी को जमानत दिलाई गयी थी।

वादी शारिक अब्बासी ने सीजेएम कोर्ट में अर्जी देकर बताया कि थाना बारादरी में दर्ज मुकदमे में आरोपी शमशाद हुसैन सहित अन्य के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल हुआ था। आरोपियों ने 23 अक्टूबर 2024 को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर जमानत कराई। इसी दौरान शमशाद हुसैन की ओर से अनीस अहमद नामक व्यक्ति को जमानती बनाया गया। वादी का आरोप है कि जमानती अनीस अहमद की मृत्यु 27 जून 2023 को हो चुकी थी और उसका मृत्यु पंजीकरण नगर निगम में दर्ज है। इसके बावजूद मृत व्यक्ति के आधार कार्ड, वाहन आरसी और फोटो के सहारे जमानतनामा दाखिल कर दिया गया, मामले का खुलासा होने पर जमानतनामे की सत्यापित प्रति देने से इनकार किया गया और कथित रूप से तत्कालीन लिपिक की मिलीभगत से मूल जमानतनामा हटवाकर दूसरा जमानतनामा रखवा दिया गया। वादी ने इसे कोर्ट के साथ धोखाधड़ी करार देते हुए हस्तलेख विशेषज्ञ से जांच और आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

### शिशु मंदिर में कक्षा पांच के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार :** नैनीताल मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुवार को कक्षा पांच के विद्यार्थियों के सम्मान में आशीर्वाद एवं विदाई समारोह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बाल कल्याण समिति के मंत्री दिनेश मलिक और प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने किया। शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश के मीडिया प्रभारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि समारोह में कक्षा चतुर्थ के विद्यार्थियों ने विदाई ले रहे छात्रों के लिए गीत, नृत्य, कविता और हास्य-व्यंग्य की प्रस्तुतियां दी। मंत्री ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और व्यक्तित्व निर्माण का केंद्र है।

### पति की मौत के बाद पत्नी समेत 10 पर मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पत्नी से हुए विवाद के बाद युवक ने जहर खाकर जान दे दी थी। इस मामले में अब कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने पत्नी समेत 10 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

बारादरी थाना क्षेत्र के कृष्णनगर कॉलोनी फेस 2 निवासी राम बाबू गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे सूरज गुप्ता की शादी 3 नवंबर 2022 को हरुनगला निवासी सपना से की थी। आरोप है कि शादी के बाद उनकी बेटे की पत्नी ने उनका अपमान शुरू कर दिया। वह अलग घर में रहने को कहने लगी। 5 जनवरी 2026 को घर में विवाद होने के बाद उसने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को आपस में समझा दिया। उसके बाद पुलिस के जाने के बाद सपना ने फिर झगड़ा शुरु कर दिया। उसके बाद बेटा सूरज घर के बाहर चला गया। विवाद के बाद बेटा जहर खाकर वापस लौटा। जहां हालत बिगड़ने पर उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान मौत हो गई। पीड़ित ने बताया कि वह बेटे के साथ अस्पताल में थे, इसी बीच सपना घर से जेवर लेकर अपने परिवार के लोग के साथ चली गई। बारादरी पुलिस से शिकायत की।

● घरेलू विवाद के बाद युवक ने जहर खाकर दे दी थी जान

### महिला को अकेला देख पकड़ा हाथ शुरु हुई कार्रवाई

**बहेड़ी, अमृत विचार :** मोबइल चार्ज करने पडोसी के घर गए एक शख्स की घर में महिला को अकेले देख नियत फिसल गई। छेड़छाड़ की नियत से उसने महिला का हाथ पकड़ लिया। पड़ोसी की नियत में खोट भाँपकर महिला ने शोर मचा दिया, जिससे वह वहाँ से भाग गया। आरोप है कि बाद में अपने साथियों के साथ उसने महिला के घर हमला बोल दिया, जिससे कई लोग चुटेल हो गए। गांव जागन डांडी निवासी शिवानी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि रात 8 बजे के करीब उसका पड़ोसी धर्मवीर मोबाइल चार्ज कराने की बात कहकर उसके घर आया। घर में उसे अकेला देखकर छेड़खानी की नियत से हाथ पकड़ लिया।

एल&टी फाइनान्स लिमिटेड
(पहले एल&टी फाइनान्स होल्डिंग्स लिमिटेड के रूप में ज्ञात)
**पंजीकृत कार्यालय:** एल&टी फाइनान्स लिमिटेड, बृंदावन बिल्डिंग, प्लॉट नं. 177, कलीना, सीएसटी रोड, मर्सडीज़ शोरूम के पास, सांताक्रुज़ (पूर्व), मुंबई 400 098
**सीआईएन नं.:** L67120MH2008PLC181833
**शाखा कार्यालय:** उत्तर प्रदेश

L&T Finance

**सोना नीलामी की सूचना**

एतद्द्वारा सभी संबंधितों की जानकारी हेतु सूचित किया जाता है कि कंपनी की निम्नलिखित शाखाओं में संबंधित कर्ज संख्याओं के अंतर्गत गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों, जिनका मोचन कराया जाना बकाया था और जिन्हें कंपनी द्वारा बार-बार सूचना देने के बावजूद संबंधित ग्राहकों द्वारा अब तक नहीं चुकाया गया है, उनकी नीलामी कंपनी के संबंधित शाखा कार्यालयों में **सोमवार 23 मार्च 2026** को निम्नलिखित विवरणों के अनुसार की जाएगी:-

1. सहारनपुर शाखा - एल&टी फाइनान्स लिमिटेड, 2ए 1095, भीम राव अंबेडकर मार्ग, क्लॉक टॉवर के पास, मुख्य चौक, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश. पिन कोड - 247001. फ़ोन - 9875942895 कर्ज संख्या - 163210000006732 (समय सुबह 11:00 बजे).

कृपया ध्यान दें कि यदि किसी कारणवश नीलामी उपरोक्त दिनांक पर पूरी नहीं हो पाती है, तो यह बिना किसी पूर्व सूचना के **30 मार्च 2026** को उसी स्थान और समय पर आयोजित की जाएगी.

ध्यान दें: संबंधित ग्राहक नीलामी के दिनांक से पहले आभूषणों को मुक्त करवा सकते हैं.

ध्यान दें: एल&टी फाइनान्स प्रायवेट लिमिटेड के पास अपने विवेकाधीन, किसी भी कर्ज खाते के अंतर्गत किसी भी आभूषण को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी सूची से हटाने का अधिकार है.

ध्यान दें: बोलीकर्ताओं से निवेदन है कि वे पहचान पत्र, पैन कार्ड और पंजीकृत डीलरों के मामले में टिन नंबर प्रस्तुत करें. सफल बोलीकर्ता से पूरी नीलामी की राशि तुरंत आरटीजीएस/किसी अन्य अनुमत माध्यम से कंपनी को हस्तांतरित करने का निवेदन किया जाता है.

हस्ता./-
**प्राधिकृत अधिकारी**
एल&टी फाइनान्स लिमिटेड के लिए

उपरोक्त सूचना के बारे में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया 1800 268 0000 पर या संबंधित शाखा से संपर्क करें.

**दिनांक:** 13.03.2026
**स्थान:** उत्तर प्रदेश

## वर्ल्ड ब्रीफ

### असंसदीय शब्दों की समीक्षा कर सकता है लोकसभा सचिवालय

**नई दिल्ली।** लोकसभा सचिवालय सदन की कार्यवाही से संबंधित असंसदीय शब्दों की सूची की समीक्षा कर सकता है। सूत्रों ने बताया, असंसदीय शब्दों की सूची में बहुत सारे शब्द शामिल हैं। सदस्य यदि इनका पूरी तरह से पालन करें तो भाषण देना मुश्किल होगा। सूची की समीक्षा किए जाने के बारे में विचार किया जा रहा है। संसद के दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान सदस्यों को चर्चा के दौरान जिन शब्दों के इस्तेमाल से प्रतिबंधित किया गया है, उनमें जुमलाजीवी, बाल बुद्धि सांसद, शकुनि, जयचंद, लॉलीपॉप, चांडाल चौकड़ी, गुल खिलाए, पिट्ठू' जैसे शब्द शामिल हैं। ऐसे शब्दों के प्रयोग को अमर्यादित आचरण माना जाता है।

### बांग्लादेश की संसद में मनमोहन सिंह और खालिदा को श्रद्धांजलि

**ढाका।** बांग्लादेश की संसद ने बृहस्पतिवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और दिवंगत ईरानी नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय नेताओं के निधन पर शोक व्यक्त किया। देश की 13वीं संसद के पहले सत्र में शोक व्यक्त करने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें शुरू में दिवंगत पोप फ्रांसिस और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग की पूर्व सांसद और नेता मतिया चौधरी सहित 31 नाम शामिल थे। मुख्य विपक्षी दल जमात-ए-इस्लामी के आग्रह पर 1971 के युद्ध अपराधियों के नाम भी इसमें शामिल किए गए, जिन्हें देश के मुक्ति युद्ध के दौरान फांसी दी गई थी।

### पीएमएलए कोर्ट ने आईएएस अफसर की जमानत याचिका रद्द की

**अहमदाबाद।** विशेष पीएमएलए अदालत ने बृहस्पतिवार को आईएएस अधिकारी और सुरेंद्रनगर के पूर्व कलेक्टर राजेंद्रकुमार पटेल की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी। पटेल को जनवरी में ईडी ने रिश्वतखोरी से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश केएम सोजित्रा की अदालत ने कहा कि वह 2015 बैच के आईएएस अधिकारी पटेल द्वारा दायर नियमित जमानत याचिका को स्वीकार करने के लिए इच्छुक नहीं है।

# पश्चिम एशिया संकट: युद्ध खत्म होने के आसार नहीं

## ईरान के नए नेता मोजतबा खामेनेई के बयान के बाद बढ़ी अनिश्चितता, हॉर्मुज पर निर्भरता का लाभ उठाने की तैयारी

तेहरान, एजेंसी

ईरान के नए मोजतबा खामेनेई की ओर से जारी पहले बयान ने स्पष्ट संकेत दिया है कि दुनिया भर में तेल संकट की वजह बने युद्ध के अभी खत्म होने के कोई आसार नहीं हैं। उनके बयान से उस युद्ध को जारी रखने की इच्छा का संकेत मिलता है जिसने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति, अंतरराष्ट्रीय यात्रा और खाड़ी अरब देशों को प्राप्त सापेक्ष सुरक्षा को बाधित कर दिया है।

युद्ध शुरू होने के बाद से मोजतबा खामेनेई को सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है। हालांकि उनका पहला ही बयान काफी आक्रामक माना जा रहा है। युद्ध में ईरान के नेतृत्व, सैन्य और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर भारी असर पड़ने के बावजूद उन्होंने पीछे न हटने की मंशा जताई है। खामेनेई के बयान से पहले, ईरान के शिया धर्मतंत्र में अपेक्षाकृत उदारवादी माने जाने वाले राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने ऑनलाइन सुझाव दिया था कि युद्ध को समाप्त करने के लिए, दुनिया को ईरान के वैध अधिकारों को मान्यता देनी होगी, हर्जाना देना होगा और भविष्य में होने वाले हमलों के खिलाफ सुरक्षा की गारंटी देनी होगी।

दरअसल, ईरान वैश्विक स्तर पर इतना आर्थिक नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है जिससे अमेरिका और इजराइल पर बमबारी रोकने का दबाव पड़े। ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि जब तक ईरान को किसी अन्य हमले के खिलाफ सुरक्षा गारंटी नहीं मिल जाती, तब तक उसके हमले जारी रहेंगे, जिससे यह संकेत मिलता है कि युद्धविराम या अमेरिका द्वारा जीत की घोषणा के बावजूद संघर्ष रुकेगा नहीं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने काम जल्द पूरा करने का वादा किया है, हालांकि उन्होंने दावा किया है कि ईरान लगभग पूरी तरह से नष्ट हो चुका है।



साउथ कोरिया के सियोल में बृहस्पतिवार को ईरान के स्कूल पर हमले में मारी गई बच्चियों को श्रद्धांजलि दी गई।

### वैश्विक स्तर पर भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाकर अमेरिका-इजराइल को बैकफुट पर लाने की मंशा

#### ईरान में अब तक 32 लाख लोग विस्थापित

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने कहा है कि ईरान में चल रहे युद्ध के कारण लगभग 32 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। एजेंसी ने बताया कि इनमें से अधिकांश लोग तेहरान और अन्य प्रमुख शहरों से भागकर देश के उत्तरी भाग या ग्रामीण क्षेत्रों की ओर चले गए हैं। ईरानी अधिकारियों ने पीछे हटने की किसी भी संभावना को खारिज कर दिया है।

#### लेबनान में विस्थापित साढ़े सात लाख के पार

एजेंसी की ओर से कहा गया है कि लेबनान में कम से कम 759,000 लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हुए हैं। बृहस्पतिवार को इजराइल की सेना ने दक्षिणी लेबनान के एक और बड़े इलाके के निवासियों को उनके घर छोड़ने की चेतावनी दी। उसने कहा कि उन्हें जहरानी नदी के उत्तर में चले जाना चाहिए, जिसका मध्य बिंदु इजराइल की सीमा से लगभग 56 किलोमीटर दूर है।

### तेल की कीमतों से ज्यादा महत्वपूर्ण ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि ईरान में दमनकारी साम्राज्य को रोकना उनके लिए तेल की कीमतों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। पश्चिम एशिया में जहाजों और तेल अवसंरचना पर ईरानी हमलों के कारण कच्चे तेल की कीमतें 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा, अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है, इसलिए जब तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो हमें बहुत फायदा होता है लेकिन राष्ट्रपति के रूप में मेरे लिए कहीं अधिक महत्वपूर्ण मुद्दा ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना है, ताकि वह पश्चिम एशिया और वास्तव में पूरी दुनिया को नष्ट न कर दे। ईरान पर हमले शुरू होने के बाद से विदेश मंत्री मार्को रुबियो समेत व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने सांसदों के साथ वार्ता की हैं। हालांकि, ऐसी खबरें भी हैं कि ट्रंप युद्ध में हासिल की गई प्रगति को लेकर मिलेजुले संकेत दे रहे हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मीडिया पर 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के उद्देश्यों के बारे में मिलीजुली जानकारी फैलाने का आरोप लगाया।



- तेल कीमतें बढ़ती हैं तो अमेरिका को होता है लाभ

### अमेरिका को बहुत महंगा पड़ रहा है युद्ध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) ने अमेरिकी सांसदों को जानकारी दी है कि ईरान के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य अभियान के पहले छह दिनों में ही 11.3 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का खर्च आ चुका है।

रिपोर्ट के अनुसार, यह आंकड़ा कांग्रेस को प्राप्त अब तक का सबसे व्यापक प्रारंभिक अनुमान है। हालांकि, इसमें हमले शुरू होने से पहले सैन्य साजो-सामान और कर्मियों की तैनाती पर हुआ खर्च शामिल नहीं है। सांसदों का मानना है कि जैसे-जैसे पेंटागन पहले सप्ताह के खर्चों की पूरी गणना करेगा, यह संख्या काफी बढ़ सकती है। अभियान के शुरुआती दिनों में अमेरिका ने अत्यधिक सक्षम और सटीक निशाना लगाने वाले 'एजीएम-154 ग्लाइड बम' जैसे हथियारों का इस्तेमाल किया है। इनमें से एक अकेले बम की कीमत 5.7 लाख डॉलर से 8.3 लाख डॉलर के बीच होती है। अमेरिकी नौसेना ने करीब दो दशक पहले ऐसे 3,000 बम खरीदे थे, जिनका अब बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है।

इससे पहले एक रिपोर्ट में बताया था कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किए गए हमलों के पहले दो दिनों में ही लगभग 5.6 अरब डॉलर के हथियारों का इस्तेमाल कर लिया गया था। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि जिस तेजी से युद्ध का खर्च बढ़ रहा है, वह अमेरिकी बजट और घरेलू राजनीति के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकता है।

**पेंटागन की रिपोर्ट**

**प्रारंभिक गणना के मुताबिक पहले छह दिनों का खर्च 11.3 अरब डॉलर, पूरी गणना के बाद और बढ़ेगी ये राशि**

**बजट और घरेलू राजनीति के लिए एक बड़ी चुनौती**

**शुरू में एजीएम 154 ग्लाइड बम का किया इस्तेमाल, आठ लाख डॉलर का है एक बम**

### रणनीतिक भंडार से 17.2 करोड़ बैरल तेल जारी करेगा अमेरिका

**न्यूयॉर्क।** ईरान के साथ जारी संघर्ष के बीच बढ़ती तेल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए अमेरिका ने अपने रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व से 17.2 करोड़ बैरल तेल बाजार में जारी करने की घोषणा की है।

अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने एक बयान में बताया कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के 32 सदस्य देश राष्ट्रपति ट्रंप के उस अनुरोध पर सर्वसम्मति से सहमत हो गए हैं, जिसमें ऊर्जा की कीमतों को कम करने के लिए एक समन्वित प्रयास के तहत अपने संबंधित भंडारों से कुल 40 करोड़ बैरल तेल और रिफाइंड उत्पाद जारी करने की बात कही गई थी। ऊर्जा मंत्री के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऊर्जा मंत्रालय को अपने हिस्से के 17.2 करोड़ बैरल तेल जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है। यह प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू होगी और योजनाबद्ध डिस्चार्ज रेट के आधार पर इसे बाजार तक पहुंचाने में लगभग 120 दिन लगेंगे।

### तेल की कीमतें फिर 100 डॉलर के पार

**दुबई।** फारस की खाड़ी में पोत परिवहन और ऊर्जा अवसंरचना पर ईरान के लगातार हमलों के कारण बृहस्पतिवार को तेल की कीमतें फिर 100 अमेरिकी डॉलर बैरल से ऊपर पहुंच गईं। अमेरिकी और इजराइली हमलों ने इस्लामिक गणराज्य पर कहर बरपाया। युद्ध के अंत के कोई स्पष्ट संकेत नजर नहीं आ रहे हैं।

## ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद कर रही है। जो भारतीय अजरबैजान और आर्मेनिया के रास्ते वापस भारत आना चाहते हैं, उन्हें वीजा दिलाने और जमीन के रास्ते सीमा पार कराने में भी सहायता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि ईरान में करीब 9,000 भारतीय नागरिक मौजूद थे या अभी भी हैं। इनमें छात्र, नाविक, कारोबारी, पेशेवर लोग और कुछ तीर्थयात्री शामिल हैं। कई भारतीय नागरिक, खासकर छात्र, देश छोड़कर वापस भारत पहुंच चुके हैं।



- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा- भारत-ईरान के विदेश मंत्रियों ने तीन बार बातचीत की

जायसवाल ने कहा कि भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच पिछले कुछ दिनों में तीन बार बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि भारत के विदेश मंत्री अपने ईरानी विदेशमंत्री के साथ लगातार संपर्क में हैं। युद्ध का असर हर जगह दिखाई दे रहा है और इससे कई देशों के लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि इस संघर्ष का असर केवल एक देश तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया भर के कई देशों और लोगों पर पड़ रहा है। जायसवाल ने कहा कि मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खाड़ी देशों के कई नेताओं से बातचीत की है। प्रधानमंत्री ने संवाद और कूटनीति के जरिए जल्द शांति बहाल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बातचीत में नागरिकों को होने वाले नुकसान से बचाने और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक खाड़ी सहयोग परिषद देशों में बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय रहता है, इसलिए उनकी सुरक्षा और कल्याण भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

### सऊदी अरब रवाना हुए शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बृहस्पतिवार को सऊदी अरब की संक्षिप्त सरकारी यात्रा पर रवाना हुए। सऊदी अरब के साथ पाकिस्तान के रक्षा समझौते के कारण इस यात्रा में पाकिस्तान की भूमिका सामने आएगी। दोनों देशों ने पिछले साल सितंबर में एक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे तथा दोनों ने किसी तीसरे देश द्वारा हमला किए जाने की स्थिति में एक-दूसरे की रक्षा करने की प्रतिबद्धता जताई थी।

### हिज्बुल्ला ने इजराइल पर दागे 200 रॉकेट

**तेल अवीव।** ईरान समर्थित हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने 0स बीच लेबनान से उत्तरी इजराइल पर लगभग 200 रॉकेट दागे, जबकि अन्य क्षेत्रों में सायरन बजने लगे और ईरानी मिसाइलों को रोके जाने से उत्पन्न तेज धमाकों की आवाजें सुनी जा सकती थीं। इस दौरान सड़कों पर अफरातफरी मच गई और लोगों को बंकरों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। राइल ने तेहरान और लेबनान पर एक बार फिर हमले किए, जिसमें 11 लोग मारे गए।

### लेबनान के बड़े क्षेत्र को खाली करने की चेतावनी

**दुबई।** इजराइल की सेना ने दक्षिणी लेबनान के एक बड़े इलाके के निवासियों को अपने घरों से चले जाने की चेतावनी दी है और कहा है कि वह हिजबुल्ला के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करेगी। इजराइली सेना के अरबी भाषा प्रकोष्ठ के प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने 'एक्स' पर कहा कि लेबनानी निवासियों को जहरानी नदी के उत्तर में चले जाना चाहिए, जो इजराइल की सीमा से लगभग 56 किलोमीटर दूर है। ईरान के साथ मौजूदा व्यापक युद्ध के तहत इजराइल और हिजबुल्ला के बीच नवीनतम संघर्ष में लेबनान में पिछले 10 दिनों में आठ लाख से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं।

## पश्चिम बंगाल में दो चरणों में हो सकते हैं चुनाव

**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव दो चरणों में होने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग के नई दिल्ली कार्यालय में एक और दौर की बैठक के बाद इस संबंध में अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

निर्वाचन आयोग के अधिकारी ने कहा, पश्चिम बंगाल की 294 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव अगले महीने से दो चरणों में होने

- आयोग ने जताई संभावना, भाजपा समेत कई दलों ने की थी मांग

की संभावना है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर राज्य की अधिकतर राजनीतिक पार्टियों ने कोलकाता में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ अपनी हालिया बैठक के दौरान एक या दो चरणों में चुनाव कराने की मांग की थी। अधिकारियों से भी इसी तरह के सुझाव मिले थे। उन्होंने कहा, चुनाव दो चरणों में कराने से चुनाव संबंधी हिंसा को रोकने में मदद मिलेगी क्योंकि उपद्रवियों को एक जगह से दूसरी जगह जाने का समय नहीं मिलेगा। अंतिम निर्णय लेने से पहले इस पहलू पर भी विचार किया जाएगा। पश्चिम बंगाल में एक ही चरण में मतदान होगा या नहीं इस सवाल पर उन्होंने कहा, हमने 2024 में 288 सीट वाले महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव एक ही चरण में कराया थे।

### इजराइली सैनिकों पर यौन दुर्व्यवहार के आरोप वापस लिए

**यरुशलम।** इजराइली सेना ने उन पांच सैनिकों के खिलाफ आरोप वापस ले लिए जिन पर एक फिलिस्तीनी बंदी के साथ यौन दुर्व्यवहार का आरोप था। यह घटना कैमरे में कैद हो गई थी। इस मामले में सेना ने यह घोषणा ऐसे समय की है जब इजराइल का ध्यान ईरान के साथ युद्ध पर केंद्रित है।

### लोकसभा में पुरी और अमेरिका के न्याय विभाग के जिक्र पर हंगामा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश में ईंधन की कमी का मुद्दा उठाते हुए बृहस्पतिवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी और अमेरिकी न्याय विभाग से जुड़े दुनिया भर में चर्चित मामले का उल्लेख किया, जिस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें रोकते हुए कहा कि वह नियम के तहत ही बोल सकते हैं।

बिरला ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने अपने नोटिस में ईंधन से जुड़े मुद्दे का उल्लेख किया था और वह सिर्फ उसी पर बोल सकते हैं। राहुल ने देश में 'एलपीजी संकट' का हवाला देते हुए कहा, तकलीफ की शुरुआत हुई है, रेस्तरां बंद हो रहे हैं और एलपीजी की कमी हो रही है... यह तो शुरुआत है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भारत जैसा देश किसी दूसरे देश के राष्ट्रपति को यह तय करने की इजाजत कैसे दे सकता है कि हम रूस से तेल खरीदें या नहीं। उन्होंने अमेरिका के न्याय विभाग के मामले का हवाला देते हुए पेट्रोलियम मंत्री पुरी का उल्लेख किया, जिस पर सत्तापक्ष के सदस्यों ने कड़ी आपत्ति जताई। इस बीच, बिरला ने कहा, आपने जिस विषय पर नोटिस दिया है, उस पर बोलिए। अगर इस विषय पर बोलना है तो इसके लिए नोटिस दीजिए। इसके बाद, कांग्रेस सदस्यों ने सदन में 'एप्स्टीन-एप्स्टीन' और 'मंत्री इस्तीफा दो' के नारे लगाए।

- राहुल को बोलने से रोका तो लगे एप्स्टीन-एप्स्टीन के नारे

## गूगल मैप्स में बदलाव, अब एआई की मदद से सुझाएगा सटीक रास्ता

न्यूयॉर्क, एजेंसी

दिग्गज कंपनी गूगल ने बृहस्पतिवार को अपने डिजिटल मानचित्र मंच ''गूगल मैप्स'' में बड़े बदलाव की घोषणा करते हुए कहा कि अब यह सेवा लोगों को कहीं जाने की योजना बनाने और वहां पहुंचने का बेहतर तरीका बताने के लिए एआई का अधिक इस्तेमाल करेगी।



गूगल की 'जेमिनी' प्रौद्योगिकी से संचालित इस बदलाव के तहत मैप्स में दो नई एआई आधारित सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। दुनिया भर में 200 करोड़ से अधिक लोग इस सेवा का इस्तेमाल करते हैं। पहली सुविधा 'आस्क मैप्स' है, जो उपयोगकर्ताओं को बातचीत के अंदाज में सुझाव देगी। इसके जरिये उपयोगकर्ता मोबाइल चार्ज करने की नजदीकी जगह, कम भीड़ वाले कैफे या कई ठहराव वाली सड़क यात्रा के लिए विस्तृत यात्रा कार्यक्रम जैसी जानकारी पूछ सकेंगे। कंपनी ने बताया कि जेमिनी के सुझाव 30 करोड़ से अधिक स्थानों के डेटाबेस और 50 करोड़ से ज्यादा योगदानकर्ताओं की समीक्षा पर आधारित होंगे। ''आस्क मैप्स'' सुविधा शुरुआत में गूगल मैप्स के मोबाइल ऐप पर अमेरिका और भारत में आईफोन एवं एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध होगी। इसे बाद में कंप्यूटर और अन्य देशों में भी शुरू किया जाएगा।

- आस्क मैप्स और इमर्सिव नेविगेशन नाम की दो नई सुविधाएं जुड़ेंगी इस एप में

दूसरी नई सुविधा 'इमर्सिव नेविगेशन' है, जिसे गूगल ने मैप्स के ड्राइविंग निर्देशों में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव बताया है। यह सुविधा तीन-आयामी दृश्य के माध्यम से उपयोगकर्ताओं को रास्ते की बेहतर समझ देगी। इसमें जेमिनी द्वारा तैयार 3डी दृश्य में प्रमुख इमारतें, सड़क के बीच बने डिवाइडर और आसपास का भू-भाग भी दिखेगा, जिससे वाहन चालकों को रास्ता समझने में आसानी होगी। यह सुविधा एक ही गंतव्य तक पहुंचने के लिए अलग-अलग मार्गों के फायदे एवं नुकसान भी बताएगी। इसके अलावा गंतव्य पर पहुंचने के बाद पार्किंग के बेहतर स्थानों की जानकारी भी दे सकेगी। गूगल ने कहा कि उसका एआई सुरक्षा ढांचा इतना मजबूत हो गया है कि जेमिनी प्रौद्योगिकी अब गलत या अस्तित्वहीन स्थान दिखाने जैसी समस्या से बच सकेगी। नई एआई-आधारित मार्गदर्शन सुविधा फिलहाल अमेरिका में गूगल मैप्स के मोबाइल एप और कारप्ले एवं एंड्रॉयड ऑटो से लैस वाहनों में उपलब्ध होगी।

## मेघालय के पश्चिम गारो जिले में आगजनी- लूटपाट

शिलांग, एजेंसी

मेघालय के पश्चिम गारो पर्वतीय जिले में कर्फ्यू के बीच रातभर हुई आगजनी और लूटपाट की घटनाओं के बाद बृहस्पतिवार सुबह हालात तनावपूर्ण बने रहे। अधिकारियों ने बताया कि तुरा शहर के कई इलाकों में निवासियों ने अपने मोहल्लों की सुरक्षा के लिए पूरी रात पहरा दिया, क्योंकि लूटपाट, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं हुई थीं।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, शरारती तत्वों ने शहर के विभिन्न हिस्सों में दुकानों सहित कई संपत्तियों में लूटपाट और तोड़फोड़ की तथा उन्हें आग के हवाले कर दिया। इसके बाद लोगों ने खुद को संगठित कर अपने इलाकों की सुरक्षा के लिए निगरानी शुरू कर दी ताकि आगे नुकसान न हो। हमले का शिकार हुए प्रतिष्ठानों में तुरा में स्थित एक शराब की दुकान भी शामिल है, जो मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा के एक परिजन की बताई जाती है। बुधवार रात असामाजिक तत्वों ने इस दुकान में लूटपाट की। सूत्रों के अनुसार, कुछ असामाजिक तत्वों ने स्थिति का फायदा उठाते हुए रिहायशी इलाकों में घुसकर गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश की। इसे देखते हुए शहर के कई हिस्सों के लोगों ने स्वेच्छा से रातभर पहरा देकर अपने घरों, व्यवसायों और मोहल्लों की सुरक्षा की।

- कर्फ्यू लागू होने के बावजूद रात भर हुई घटनाएं, और बढ़ा तनाव

अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सामुदायिक प्रतिनिधियों और चर्च नेताओं ने पहल शुरू की है। पश्चिम गारो पर्वतीय जिले में हिंसा उस समय भड़क उठी जब गारो पर्वतीय स्वायत्त जिला परिषद (जीएचएडीसी) के चुनाव को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारी चुनाव में गैर-गारो समुदायों की नामांकन प्रक्रिया में भागीदारी का विरोध कर रहे थे। अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार को चिबिनांग क्षेत्र में झड़पों के दौरान पुलिस द्वारा भीड़ को तितर-बितर करने के लिए की गई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

## ईडी ने रिलायंस ग्रुप मामले में 581.65 करोड़ रुपये की 31 संपत्तियां की जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी ने रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) से संबंधित मामलों में 581.65 करोड़ रुपये मूल्य की 31 अचल संपत्तियां जब्त की हैं।

ईडी ने कहा कि जब्त की गई संपत्तियां गोवा, केरल, कर्नाटक, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और राजस्थान में स्थित जमीन हैं। यह कुर्की विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत रिलायंस पावर लिमिटेड के मामले में छह मार्च, 2026 को की गई तलाशी कार्रवाई के बाद की गई है। गौरतलब है कि ईडी ने इससे पहले आरसीएफएल/आरएचएफएल और रिलायंस कम्युनिकेशंस से जुड़े बैंक धोखाधड़ी मामलों में 15,729 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां जब्त की थीं।

नवीनतम कार्रवाई के साथ, रिलायंस अनिल अंबानी समूह से संबंधित कुल जब्त की गई संपत्तियां 16,310 करोड़ रुपये हो चुकी हैं। इसके अलावा, पीएमएलए और फेमा के तहत तलाशी अभियानों के दौरान, सावधि जमा, म्यूचुअल फंड और नकदी के रूप में 2.48 करोड़ रुपये की संपत्ति को फ्रीज या जब्त किया गया। ईडी ने फेमा की धारा 37ए के तहत रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के 13 खातों में जमा 77.86 करोड़ रुपये की राशि भी जब्त की।

**अजब मांग** | लखनऊ के वकील की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज किया, कहा- समाजसेवा का कोई मोल नहीं

## पूर्व सीजेआई को बचाया था, केंद्र सरकार से दिलाएं एक करोड़ का खर्च

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को एक अधिवक्ता की ओर से दायर उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें केंद्र को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि उन्हें 2018 में तत्कालीन सीजेआई दीपक मिश्रा को बचाने'' के लिए दायर किए गए छह मामलों के लिए शुल्क और खर्च के रूप में उसे एक करोड़ रुपये का भुगतान किया जाए।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने याचिका को पूरी तरह गलत धारणा पर आधारित बताया। सुप्रीम कोर्ट लखनऊ के अधिवक्ता अशोक पांडे की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें उन्होंने पिछले साल मार्च में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के एक आदेश को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें उन्होंने केंद्र को उनके की ओर से दायर किए गए छह मामलों के लिए शुल्क और खर्च के रूप में एक करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। पांडे ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उन्होंने तत्कालीन सीजेआई मिश्रा का बचाव करने के लिए छह मामले दायर किए थे। उन मामलों में मुकदमेबाजी के लिए दो लाख रुपये का खर्च आया था और उन्होंने इसके लिए अपनी बेटी से पैसे लिए थे।



सीजेआई ने पूछा, न्यायाधीशों के खिलाफ तरह-तरह के आरोप लगाने के बाद, अब आप माननीय शब्द का इस्तेमाल क्यों कर रहे हैं। याचिकाकर्ता ने जनवरी 2018 में सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन का हवाला दिया। उन्होंने कहा, न्यायाधीश प्रधान न्यायाधीश के खिलाफ संवाददाता सम्मेलन नहीं कर सकते और यह नियमों के खिलाफ था। सीजेआई ने कहा, आपने संस्था को समाज सेवा प्रदान की। समाज सेवा हमेशा अमूल्य होती है। इसका मूल्यांकन एक करोड़ या दो करोड़ में कैसे किया जा सकता है। पीठ ने कहा, यदि आप सराहना चाहते हैं तो हम इसके लिए आपकी सराहना करते हैं। पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया।

### नेताजी के अवशेष लाने की याचिका नहीं सुनेंगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के परपोते आशीष राय की उस याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया, जिसमें नेताजी के अवशेषों को भारत लाने के निर्देश देने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में परपोते के बजाय नेताजी की बेटी और उनकी एकमात्र उत्तराधिकारी को स्वयं अदालत के सामने आना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत को बताया कि नेताजी की बेटी अनीता बोस फाफ ऑनलाइन उपस्थित हैं और इस याचिका का समर्थन कर रही हैं तो सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पांचोली की पीठ ने कहा कि उन्हें पर्दे के पीछे से समर्थन देने के बजाय बतौर उत्तराधिकारी खुद याचिका दायर करनी चाहिए। 84 वर्षीय अनीता बोस ऑस्ट्रिया में रहती हैं।

### पशु बलि पर रोक लगाने की याचिका पर नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने धार्मिक स्थलों पर पशु बलि पर रोक लगाने के लिए पेश जनहित याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी कर जवाब मांगा और अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद तय की है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अधिवक्ता श्रुति बिष्ट की याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है।

